हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 30 मार्च 2026

04 लक्ष्य 2027: रजनीश शर्मा ने संभाली गुना शहर...



07 साहू समाज ने कर्मादेवी की जयंती पर शहर में निकाला चल समारोह





## पुलिस ने आरोपी पति- पत्नी और भाई को दबोचा

# युवती से दुष्कर्म मामले में दंपती पर एफआईआर

**पार्लर सिखाने के बहाने घर बुलाती थी महिला और पति से कराती थी दुष्कर्म**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के गुलाबगंज इलाके में एक युवती ने गंभीर आरोप लगाते हुए पति-पत्नी सहित एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी का मामला दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि पार्लर का काम सीखने के दौरान उसे बहाने से घर बुलाकर उसके साथ कई बार जबरदस्ती की गई और बदनामी की धमकी देकर चुप कराया गया।

पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपनी परिचित महिला के साथ पार्लर का काम सीखने जाती थी और इसी दौरान करीब एक माह पहले जब वह आरोपी के घर पहुंची तो वहां महिला मौजूद नहीं थी और उसके पति ने उसे घर में बैठा लिया। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने व बदनाम करने की धमकी दी। युवती के अनुसार, जब उसने यह बात आरोपी महिला को बताई तो उसने मामले को दबाते हुए चुप रहने के लिए कहा। इतना ही नहीं, बाद में कई बार उसे बहाने से घर बुलाकर आरोपी महिला खुद बाहर खड़ी रहती थी और उसका पति अंदर कमरे में उसके साथ दुष्कर्म करता था। डर और बदनामी के भय से वह अब तक चुप रही। पीड़िता ने बताया कि 28 मार्च को आरोपी ने फिर फोन कर घर बुलाया और धमकी दी। जब वह वहां पहुंची तो घर में आरोपी महिला और उसका देवर भी मौजूद था। इसी दौरान आरोपी ने फिर से जबरदस्ती करने की कोशिश की, लेकिन इस बार युवती ने विरोध किया और धक्का देने पर आरोपी गिर गया, जिससे उसे चोट आई। घटना की सूचना मिलते ही युवती के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे वहां से बाहर निकाला।



इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कैंट थाना क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि पार्लर का काम सिखाने वाली महिला ने अपने ही पति से युवती के साथ बार-बार दुष्कर्म कराया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर महिला, उसके पति और पति के भाई के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्त मे ले लिया है।

### पीड़िता ने शनिवार शाम कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह गुलाबगंज निवासी यास्मीन खान के साथ पार्लर का काम सीखने जाती थी। इसी दौरान उसका यास्मीन के घर आना-जाना भी बढ़ गया था। उसका पति शरीफ खान भी अक्सर घर पर मौजूद रहता था।युवती के अनुसार, करीब चार महीने पहले यास्मीन ने उसे काम के बहाने घर बुलाया। जब वह पहुंची तो घर पर यास्मीन नहीं थी, केवल उसका मौजूद था। उसी दिन आरोपी ने उसकेसाथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने तथा बदनाम करने की धमकी दे दी। डर के मारे युवती ने यह बात अपने परिवार को नहीं बताई।

### पत्नि गेट पर देती थी पहरा

जब युवती ने यह घटना यास्मीन खान को बताई, तो उसने इसे नजरअंदाज कर दिया और किसी को न बताने की सलाह दी। इसके बाद कई बार यास्मीन युवती को घर बुलाती और धमकाकर अपने पति के साथ कमरे में भेज देती, जहां आरोपी उसके साथ दुष्कर्म करता था। वह गेट पर पर खड़ी रहती थी।

### परिजन पहुंचे तो हुआ खुलासा

शनिवार को आरोपी ने युवती को फोन कर घर बुलाया और न आने पर बदनाम करने की धमकी दी। जब युवती वहां पहुंची तो घर में यास्मीन खान, शरीफ और उसका भाई मुबीन खान भी मौजूद थे। आरोपी ने पत्नि और भाई की मौजूदगी में युवती को जबरन कमरे में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर युवती और आरोपी के बीच हाथापाई हो गई, जिसमें वह गिरकर घायल हो गया। इसी दौरान किसी ने युवती के परिजनों को सूचना दे दी। परिजन मौके पर पहुंचे और युवती को बाहर निकाला। आरोपी परिजनों को देखकर भागने लगा और भागते समय गिरकर घायल हो गया।

### थाना व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखने पहुंचीं पुलिस अधीक्षक, सुधार के निर्देश दिए, रात्रि निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं अभिलेखों एवं लंबित मामलों की गहन समीक्षा की

गुना। गुना जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा दिनांक 28 मार्च 2026 की रात्रि में थाना आरोन का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न महत्वपूर्ण भागों का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए कार्यप्रणाली की वास्तविक स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर, मालखाना, हवालात, रोजनामचा, एचएच/गुंडा रजिस्टर एवं अपराध पंजी आदि सहित लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, स्वच्छता व्यवस्था तथा थाने की समग्र कार्यप्रणाली को बेहतर बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि आम नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए। महिला संबंधी अपराधों एवं लंबित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक ने रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाने, संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निरंतर सतर्क रहने की आवश्यकता बताई। साथ ही, ड्यूटी के दौरान अनुशासन, जिम्मेदारी एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि आमजन का विश्वास पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे बनाए रखने के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सक्रिय कार्यशैली अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए गए, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना भी की गई।





# सूर्यमुखी मंदिर से हनुमान टेकरी तक नाचते-गाते निकले किन्नर

**देखने को मिला सर्वधर्म समभाव और अटूट आस्था का अनूठा संगम**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की सुख-समृद्धि और जिलेवासियों के कल्याण की कामना को लेकर किन्नर समाज द्वारा शहर में शनिवार को एक भव्य चल समारोह निकाला गया। सूर्यमुखी मंदिर महावीर से शुरू हुई यह धार्मिक यात्रा जयस्तंभ चौराहा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची, जहां से अनुष्ठान संपन्न कर गाजे-बाजे के साथ किन्नर समाज टेकरी सरकार के दरबार के लिए प्रस्थान किया। भगवा वस्त्र धारण किए और हाथों में धर्म ध्वजा लिए किन्नर जन बग्गी पर सवार होकर नृत्य करते हुए निकले, जिन्हें देखने के लिए सडकों पर लोगों का हुजूम उमड़पड़ा। बताया जाता है कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य शहर में खुशहाली और लोगों के भंडार भरे रहने की मंगलकामना करना है। इसी भावना साथ लक्ष्मीनारायण मंदिर में 21 किलो और सिद्ध पीठ हनुमान टेकरी पर 31 किलो का पीतल का विशाल घंटा भेंट किया गया। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जब यह जुलूस निकला, तो सर्वधर्म समभाव और अटूट आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। टेकरी धाम पहुंचकर किन्नर समाज ने विशेष पूजा-अर्चना की और जिले की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।



### रक्तदान शिविर, 37 यूनिट रक्त जुटा

श्योपुर। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ श्योपुर द्वारा रविवार को मोहन जी की बगीची के पास स्थित चिंताहरण हनुमानजी मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा भावना का परिचय दिया। शिविर का शुभारंभ विकासखंड श्योपुर के अध्यक्ष, राष्ट्रपति स्काउट मदन गर्ग द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु प्रजापति ने की। इस अवसर पर जिला आयुक्त रेंजर रीना प्रजापति एवं जिला सचिव रोशन लाल गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर की संपूर्ण व्यवस्थाएँ कोऑर्डिनेटर एवं विकासखंड श्योपुर के कोषाध्यक्ष नरोत्तम प्रजापति द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की गईं। शिविर में कुल 37 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। उल्लेखनीय है कि मोहन जी की बगीची के पास पहली बार रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

# महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर्व की पूर्व बेला में आनंद उत्सव मेला लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अहिंसा के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर्व की पूर्व बेला में दोपहर जैन समाज गुना के तत्वावधान में स्थानीय श्री राम मुक्तिधाम के सामने स्थित आचार्य विद्यासागर गौ शाला में आनंद उत्सव का शुभारंभ हुआ है, जो कि शाम 7.30 बजे तक चलेगा। उत्सव का समापन रात 8.30 बजे महा लकी ड्रॉ के साथ होगा।उक्त आनंद उत्सव मेला का शुभारंभ आज दोपहर में भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और और प्रार्थना के साथ समाज के वरिष्ठ जनों और कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस आनंद उत्सव मेला में पाठ शाला परिवार के साथ साथ समाज की विभिन्न संस्थाओं की ओर से ना केवल खान पान के कई स्टाल लगाए गए हैं, बल्किविभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी दोपहर में शुरू हुआ। खान पान के स्टॉलों पर तरह-तरह के व्यंजन उपलब्ध कराए गए हैं, जिनका मेले में पहुंचे समाज बंधुओं द्वारा लुत्फ उठाया जाता रहा। इस दौरान मेले में आकर्षक झूले बच्चों के मनोरंजन के लिए लगवाए गए हैं। वहीं इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता रहा। इस दौरान विशेष रूप से खुला मंच और ओपन माइक प्रतियोगिता में समाज के बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साह दिखाया।



इस दौरान भाषण, गायन, नृत्य, वक्तव्य कला, अभिनय, कविता, मिमिक्री जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी दोपहर में शुरू हुआ। जिनमें समाज के बच्चों और महिलाओं ने विशेष रुचि दिखाई। मेले में दोपहर बाद समाज के सभी उम्र के लोगों का आना जाना लगातार बढ़ता रहा। उक्त आनंद उत्सव मेला शाम 7.30 बजे तक चलेगा। इसके बाद रात 8.30 बजे महा लकी ड्रॉ निकालने के साथ ही इसका समापन होगा। जिसके कूपन मेला स्थल पर बड़ी संख्या में उपलब्ध कराए जाते रहे। इस महा लकी ड्रॉ के विजेताओं के लिए इनाम के रूप में टीवी, कूलर, इंडक्शन चूल्हा सहित अनेक पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे, जिसे लेकर समाज बंधुओं में विशेष उत्साह रहा।







### जिले में चना-मसूर उपार्जन हेतु 14 केंद्र निर्धारित

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा चना एवं मसूर के उपार्जन हेतु जिला उपार्जन समिति की अनुसंशा पर जिले में 14 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये है। जारी आदेशानुसार बीनागंज अंतर्गत विपणन सहकारी संस्था मर्यादित बीनागंज उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक 2 बीनागंज, तहसील कुंभराज अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. कुंभराज उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक A1 कुंभराज, तहसील मधुसूदनगढ़ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. डोंगर मोतीपुर उपार्जन स्थल श्रीराम वेयर हाऊस मधुसूदनगढ़, तहसील राघौगढ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. गावरी उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक 1 राघौगढ, तहसील गुना अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. पगारा उपार्जन स्थल मंजू शर्मा वेयर हाऊस बीलावावड़ी, सेवा सहकारी समिति मर्या. धमनार उपार्जन स्थल रामकृपा वेयर हाऊस डूंगासरा, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित गुना उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक-सी1 नानाखेड़ी एवं सेवा सहकारी समिति मर्या. नानाखेड़ी उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक 19 बिलोनिया, तहसील बमोरी अंतर्गत बमौरी सेवा सहकारी समिति मर्या हमीरपुर उपार्जन स्थल हरि राधा वेयर हाउस भौंरा बमौरी, तहसील आरोन अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. सालय उपार्जन स्थल पटेल वेयर हाउस रामपुर, सेवा सहकारी समिति मर्या. मूडराखुर्द उपार्जन स्थल प्रेम वेयर हाउस रामपुर, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित आरोन उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाउस क्रमांक-2 आरोन, सेवा सहकारी समिति मर्या पनवाड़ी हाट उपार्जन स्थल गोपाल वेयर हाउस बरोद तथा सेवा सहकारी समिति मर्या. देहरी कलां उपार्जन स्थल मुस्कान वेयर हाउस रामपुर निर्धारित किया गया हैं।









## समाचार संक्षेप

### रोमांच, रन और रिकॉर्ड: RPL फाइनल में वार्ड 12 की धमाकेदार जीत




**राघौगढ़ ।** नगर में आयोजित RPL क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा। वार्ड 12 की टीम ने 15 ओवर में 202 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड 20 (बावड़ी खेड़ा) की टीम दबाव में नजर आई और 100 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह वार्ड 12 ने शानदार जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।टीम के स्टार खिलाड़ी देवराज ने शतक जड़ते हुए 13 छक्के लगाए, जो पूरे मैच का आकर्षण रहे। खास बात यह रही कि हर छक्के पर 5,100 की राशि दी गई, जिससे मैच का रोमांच और बढ़ गया।टूर्नामेंट की एक और खासियत रही कि पूरे एक माह तक चले इस आयोजन में हर मैच में "मैन ऑफ द मैच" को 1,100 और बेस्ट खिलाड़ियों को अलग-अलग पुरस्कार दिए गए।मैदान में लगातार मौजूद जयवर्धन सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और कई बार कमेंट्री कर माहौल को और भी जीवंत बना दिया। फाइनल के दौरान प्रियव्रत सिंह की मौजूदगी ने आयोजन को और भव्य बना दिया।

### राघौगढ़ थाने में युवक से मारपीट का आरोप विधायक जयवर्धन सिंह ने एसपी को लिखा पत्र निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग



**गुना ।** राघौगढ़ थाना परिसर में पुलिसकर्मियों द्वारा एक युवक के साथ कथित मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस पूरे प्रकरण को गंभीर बताते हुए राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने पुलिस अधीक्षक गुना को पत्र लिखकर मामले की शीघ्र निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।विधायक द्वारा लिखे गए पत्र के अनुसार, 28 मार्च को राघौगढ़ निवासी नीरज सैनी को पुलिसकर्मी थाने लेकर पहुंचे, जहां उसके साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और गंभीर मारपीट की गई। बताया गया है कि मारपीट के कारण युवक की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों ने उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साडा कॉलोनी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर बाद में उसे गुना के एक निजी अस्पताल में शिफ्ट करना पड़ा। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पीड़ित के बड़े भाई अभिषेक सैनी जब अपने भाई की जानकारी लेने थाने पहुंचे, तो उनके साथ भी पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्रता और मारपीट की गई, जिसे बेहद निंदनीय बताया गया है। विधायक ने आरोप लगाया कि प्रारंभिक कार्रवाई के नाम पर केवल दो पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच किया गया है, जबकि शिकायत में तीसरे पुलिसकर्मी का भी स्पष्ट उल्लेख है। ऐसे में सभी दोषियों पर समान रूप से कार्रवाई न होना सवाल खड़े करता है। अपने पत्र में विधायक ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, लेकिन इस तरह की घटनाएं पुलिस व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना नागरिकों की सुरक्षा का स्थान है, न कि उनके साथ मारपीट का। विधायक ने मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि न्याय नहीं मिला तो जनआक्रोश और बढ़ सकता है।

# अवकाश दिवसों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

## आमजन को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना





मध्यप्रदेश शासन, मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गुना किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में आम जनता को विभिन्न प्रकार के दस्तावेजों की रजिस्ट्री के लिये विशेष सुविधा प्रदान करते हुये अवकाश दिवसों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिनों में आमजन को अतिरिक्त सुविधा देने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इससे विशेष रूप से शासकीय कर्मचारी, अधिकारी एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत नौकरीपेशा वर्ग को लाभ मिलेगा, जिन्हें अब रजिस्ट्री कार्य हेतु अलग से अवकाश लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वे अपनी सुविधा अनुसार अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्य संपादित करा सकेंगे।शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय गुना स्थित पंजीयन कार्यालय सहित सभी तहसील स्तर के पंजीयन कार्यालय भी अवकाश दिवसों में संचालित रहेंगे। इनमें रामनवमी, गुरु पूर्णिमा जैसे प्रमुख अवकाश दिवसों के साथ-साथ प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को भी कार्यालय खुले रहेंगे। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे कार्यालय समय में पूर्व स्लॉट बुकिंग कराकर ही अपने दस्तावेजों की रजिस्ट्री कराएं, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह सुविधा इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, कि आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में जमीन एवं अन्य अचल संपत्तियों की कलेक्टर गाइडलाइन दरों में संभावित वृद्धि के कारण संपत्ति की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। इससे स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन शुल्क भी बढ़ेगा। ऐसे में मार्च 2026 तक रजिस्ट्री कराने वाले नागरिक अतिरिक्त आर्थिक भार से बच सकेंगे। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस विशेष सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और भीड़ से बचते हुए सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण में अपने दस्तावेजों का पंजीयन कार्य पूर्ण कराएं।

## भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में पांच सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

क्षेत्र में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर आधारित पांच सत्रों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन की विचारधारा, कार्यशैली और योजनाओं की गहन जानकारी प्राप्त की।प्रशिक्षण वर्ग का प्रथम सत्र "केंद्र सरकार की योजना एवं क्रियान्वयन" विषय पर केंद्रित रहा। इसमें चाचौड़ा विधायक प्रियंका पैंची ने मुख्य वक्ता के रूप में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी। इस सत्र की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष जगदीश सिंह मीणा ने की।द्वितीय सत्र "वैचारिक अधिष्ठान और वैचारिक आधार" विषय पर आयोजित हुआ, जिसमें जिला उपाध्यक्ष गिर्राज भार्गव ने पार्टी की मूल विचारधारा और सिद्धांतों को विस्तार से समझाया। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष डालसिंह जादौन ने की।तृतीय सत्र "भाजपा का इतिहास और विकास" पर आधारित रहा, जिसमें जिला मंत्री कुशम कुशवाह ने पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक के विकास क्रम पर प्रकाश डाला। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता गोविंद लोधी ने अध्यक्षता की।चतुर्थ सत्र "सोशल मीडिया, नमो ऐप एवं एआई सरल ऐप" विषय पर केंद्रित रहा। इसमें जिला उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह राजपूत ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग और संगठन विस्तार में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। सत्र की अध्यक्षता बाबूलाल मीना ने की।पंचम एवं अंतिम सत्र "भाजपा की कार्यपद्धति" पर आधारित रहा, जिसमें जगदीश सिंह मीणा ने संगठन की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी संगठन को अपने लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए अनुशासन और समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भाजपा के विशाल संगठन को कार्यकर्ताओं के विकास, आत्मीयता और पारिवारिक भावना से संचालित बताया। इस सत्र की अध्यक्षता पुरुषोत्तम मीना ने की।कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।



# लक्ष्य 2027: रजनीश शर्मा ने संभाली गुना शहर कांग्रेस की कमान

### जयवर्धन सिंह बोले- अबकी बार नगर पालिका में कांग्रेस का अध्यक्ष, समिति करेगी पार्षद उम्मीदवारों का चयन टॉस से चूके थे, अब मेहनत से जीतेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना







मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री , कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने राजीव भवन जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला समन्वय समिति की बैठक ली। इस दौरान गुना शहर कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष रजनीश शर्मा पिंकू को विधिवत पदभार ग्रहण कराया। स्थानीय राजीव गांधी कांग्रेस भवन में आयोजित एक गरिमामय समारोह और कार्यकर्ता बैठक के दौरान जयवर्धन सिंह ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस का अगला मिशन वर्ष 2027 के नगरीय निकाय चुनाव हैं, जिसमें गुना नगर पालिका पर कांग्रेस का परचम लहराना रजनीश शर्मा का मुख्य लक्ष्य होगा।

**विरासत और युवा ऊर्जा का संगम**

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जयवर्धन सिंह ने रजनीश शर्मा के परिवार के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि स्व. कैलाश शर्मा जिले के दिग्गज नेता और पूर्व विधायक रहे, जिन्होंने सदैव कांग्रेस की विचारधारा के अनुरूप जनसेवा की। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए रजनीश शर्मा ने बहुत कम समय में अपनी मेहनत से जिले में अपनी पहचान बनाई है। श्री सिंह ने कहा, 4 साल पहले जब नगर पालिका के चुनाव हुए थे, तब रजनीश ने पूरी कुशलता दिखाई थी। हम केवल एक टॉस के माध्यम से पीछे रह गए थे, जबकि भाजपा तीसरे नंबर पर आई थी। अब समय आ गया है कि उस कमी को पूरा किया जाए।

जयवर्धन सिंह ने नवमनोनित अध्यक्ष को वर्ष 2027 का लक्ष्य सौंपते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने रजनीश पर जो भरोसा जताया है, उसे जमीन पर उतरकर सिद्ध करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुँचने का रास्ता शहर के वार्डों और मोहल्लों से होकर गुजरता है। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि हर वार्ड में संगठन की स्थिति को इतना मजबूत किया जाए कि आने वाले चुनावों में चयन समिति के माध्यम से हर सीट पर दमदार उम्मीदवार उतारा जा सके।

बैठक के दौरान जयवर्धन सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की मोहन यादव सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकारों की नीतियां पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। गैस और तेल की बढ़ती कीमतें आम आदमी की कमर तोड़ रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को टास्क दिया कि वे महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को घर-घर तक पहुँचाएं और भाजपा की विफलताओं को उजागर करें। पदभार ग्रहण करने के बाद शहर अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने संकल्प लिया कि 2027 में गुना नगर पालिका में कांग्रेस का अध्यक्ष बैठाना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल, वरिष्ठ नेता हरिशंकर विजयवर्गीय, पूर्व जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, विश्वनाथ तिवारी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा यादव, ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह कुशवाह, हलीम गाजी, मनीष रघुवंशी और शेखर वशिष्ठ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम मिर्जापुर में कटारिया राजपूत समाज की बैठक के साथ स्नेह मिलन का किया गया आयोजन

### नए अध्यक्ष दयाराम कटारिया चुने गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



ग्राम मिर्जापुर में कटारिया राजपूत समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक और स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता ग्राम नरखेड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी नत्थू सिंह द्वारा की गई। इस बैठक में दयाराम कटारिया का नया अध्यक्ष चुना गया है। बैठक में समाज की एकता और संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसके उपरांत सर्वसम्मति से समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज के प्रबुद्ध जनों ने दयाराम कटारिया को कटारिया राजपूत समाज का अध्यक्ष निर्वाचित किया। संगठन को गति देने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए ध्यान सिंह कटारिया को उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का समाज के वरिष्ठ जनों ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और समाज हित में निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया।

**सहयोग से निर्मित धर्मशाला का लोकार्पण:** बैठक के दौरान ग्राम मिर्जापुर में समाज के सामूहिक आर्थिक सहयोग से निर्मित भव्य धर्मशाला का विधिवत पूजन कर उद्घाटन किया गया। वरिष्ठ सदस्यों ने फीता काटकर इस नवनिर्मित भवन को समाज को समर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि यह धर्मशाला समाज की एकजुटता का प्रतीक है, जो भविष्य में विभिन्न सामाजिक एवं मांगलिक आयोजनों के लिए सहायक सिद्ध होगी।

**जिला अध्यक्ष का संबोधन सामाजिक बुराइयों पर प्रहार:** समारोह में विशेष रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष ने अपने ओजस्वी संबोधन में समाज में व्याप्त कुरीतियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण के साथ-साथ समाज का वैचारिक उत्थान भी आवश्यक है। हमें मृत्यु-भोज, नशाखोरी और बाल विवाह जैसी कुरीतियों को त्यागकर शिक्षा की ओर कदम बढ़ाना होगा। समाज के युवाओं और बेटियों की उच्च शिक्षा ही हमारे उज्जवल भविष्य की नींव है। जिला अध्यक्ष ने युवाओं से अपील की कि वह एकजुट होकर रचनात्मक कार्यों में अपना योगदान दें और समाज को नई दिशा प्रदान करें। इस अवसर पर समाज के अन्य वरिष्ठ जनों ने भी अपने विचार साझा किए और नई कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं दीं।



### अतुल बंसल बने जैन मिलन सैंट्रल के अध्यक्ष

**अशोकनगर।** जैन मिलन सेंट्रल के सत्र 2026-27 के लिये अतुल जैन बंसल को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष सचिन बारी, मंत्री सचिन सर्राफ एवं कोषाध्यक्ष मनोज जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को बगीचा मंदिर में आयोजित विशेष निर्वाचन सभा का प्रारम्भ महावीर प्रार्थना से हुआ। निर्वाचन अधिकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची एवं संयुक्त मंत्री आनंद गांधी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। निर्वाचन सहयोगी डॉ. पारस जैन के सहयोग से सम्पन्न निर्वाचन प्रक्रिया में सत्र 2026-27 के लिए अतुल जैन बंसल को जैन मिलन सेंट्रल का अध्यक्ष घोषित किया गया। सभा में उपस्थित सदस्यों ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में संस्था निरंतर उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होगी। आप एवं आपके द्वारा गठित ऊर्जावान टीम जैन मिलन सेंट्रल को नई ऊंचाईयां प्रदान करेंगी एवं भारतीय जैन मिलन आंदोलन की प्रगति में अग्रणी रहेगी। महेंद्र कडेसरा, प्रमोद छाया, सन्तोष सिन्नी, मनोज जैन,वीरेंद्र जैन, मनीष जैन,राजेश जैन, रोहित जैन, सुनील जैन, रिंकेश कांसल विपिन बाँझल ,संजय सिंघई आदि ने नव निर्वाचित अध्यक्ष अतुल बंसल को बधाई देते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

### संगठनात्मक गतिविधियों पर की चर्चा

## भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विभा श्रीवास्तव का चंदेरी दौरा



**अशोकनगर।** जागेश्वरी माई की नगरी चंदेरी में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष विभा श्रीवास्तव का आगमन हुआ। उन्होंने सर्वप्रथम मां जागेश्वरी देवी के मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश व नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने चंदेरी महिला मोर्चा एवं अन्य महिला संगठन की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने, अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला महामंत्री महिला मोर्चा डॉ. ज्योति खरका ने किया। इस दौरान चंदेरी मंडल अध्यक्ष कल्पना सर्राफ, मंडल महामंत्री किरण भटनागर, अनीता रैकवार, अंत्योदय समिति की अध्यक्ष पार्वती कोली, मंजू जैन, शिल्पी जैन, ऊषा यादव सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### महावीर स्वामी के सिंद्धातों की आज पूरी दुनिया को है जरूरत

# भगवान महावीर की जयंती पर होंगे विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों की आज पूरी दुनिया को जरूरत है। अहिंसा परमो धर्मा और जियो और जीने दो का संदेश कल भी प्रसांगिक था और आज भी प्रसांगिक है, उनके सिद्धांतों को पूरे विश्व को जरूरत है। जैन समाज अहिंसा के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी की जयंती भक्ति भाव से मनाएगी। सोमवार को चल समारोह के साथ विशेष आयोजन होंगे।

शहर के सभी जैन मंदिरों में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक भक्ति भाव से मनाया जाएगा। इस बार अशोकनगर जैन समाज को यह आयोजन पूज्य मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज के मनाने का मौका मिला है। इस दौरान मंदिरों में भगवान की शांतिधारा, अभिषेक के आयोजन होगें। पूजा पाठ और भक्ति का नजारा देखने को मिलेगा। सुबह 8 बजे सुभाषगंज जैन मंदिर से चांदी की पालकी में भगवान महावीर शहर के भ्रमण पर निकलेगें। जगह जगह भगवान की आरती की जाएगी और श्रीफल भेंट किए जाएगें। यह शोभा यात्रा शहर के भ्रमण के बाद सुभाषगंज मंदिर पर धर्मसभा में परिवर्तित होगी, जहां मुनि श्री के मगंल प्रवचन होगें। इस मौके पर गरीबों को भोजन और निःशुल्क वस्त्र भी प्रदान किए जाएगें

**ऐसा देवतुल्य जीवन बनाये जिसे सब पसंद कर तुम्हारी निकटता हासिल करने लायक हो: मुनिश्री :** मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज ने कहाकि हमारे लिए सब पसंद करें मुझसे प्रेम करें इसके लिए हमने क्या पुरुषार्थ किया। मुझे आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज पसंद करें मुझे महा मंत्र पसंद करें इसके लिए उसको जो पसंद है वह सब करना होगा। मंत्र की साधना के लिए मैंने मन को एकाग्र किया हर तरह की रोशनी डाली निरन्तर ध्यान किया बहुत प्रयास किया फिर भी कोई सिद्धि नहीं हुई तो मैंने पूछा क्या कारण है कि आप मुझे पसंद नहीं कर रहे क्या कारण है मैं मुनि बनकर बैठा हूं। राग-द्वेष छोड़ कठिन डगर सुइकार करने पर भी मुझे सिद्धि मिल नहीं रही इसके लिए हमें अपने अंदर कुछ ऐसा बदलाव करना होता जो महामंत्र को पसंद हैं तव कहीं सिद्धियां मिलेगी।

**हमारे निजी जीवन के सारे के सारे निर्णय विपरीत हो गये:** उन्होंने कहा कि हमारे निजी जीवन के सारे के सारे निर्णय विपरीत हो गये मैं तीर्थो की वंदना करुंगा। मैं ऐसा करुंगा वैसा करुंगा हमारा जीवन सिर्फ कर्म काटने तक सीमित नहीं होना चाहिए। जिन गलियों में हम रहते हैं उन्ही गलियों में रहने वाले कुछ लोगों ने पसंद कर लिया तो हम तन कर चलने लगे हमें ऐसा कुछ करना है कि हमें महा पुरुष पसंद करने लगे इसके लिए कुछ लीक से अलग हटकर हमें अंदर की आवाज को सुनकर करना होगा जो भी हमारे अंताकरण प्रस्फुटित हो रहा है उसे प्रकट कर अपने मुंह से प्रसन्न के साथ सब के समक्ष स्तुति कर सकते हो। हमारे अंताकरण की आवाज देवताओं तक महा पुरुषो तक पहुंच इसके लिए अपने चित्त को एकाग्र करते हुए जगत पति से जुड़कर अपने आप को समर्थ करना होगा।

**सुभाष गंज में समन्वय ग्रुप प्रसादी की कर रहा हैं तैयारियां:** इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के निवेदन पर जिला प्रशासन द्वारा तीस मार्च को महावीर जयंती पर जिले में अवश्य घोषित कर दिया गया है पंचायत कमेटी जिला प्रशासन का धन्यवाद करती है। वहीं समारोह उपरांत समन्वय ग्रुप द्वारा सभी भक्तों के लिए सुस्वाद विशेष प्रसादी वितरण जूलूस के समापन के वाद किया जाएगा। इस हेतु सुभाष गंज में विशाल पंडाल व्यवस्था अलग से समन्वय ग्रुप के साथीयों द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम सभी सेवा भावी संगठनों धवल वस्त्रो के साथ सिर पर साफे पहनेंगे। वहीं महिला संगठन अपनी अपनी विशेष भेष भूषा को धारण कर धर्म प्रभावना में अग्रणी भूमिका निभायेंगे। इसके साथ ही श्री सर्वोदय विद्यासागर पाठशाला परिवार की सभी शाखाओं के बच्चों चल समारोह में ध्वजा लेकर चलेंगे। जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई सहित सभी प्रमुख जनो ने सभी से समय पर उपस्थित होने का निवेदन किया है।

## कलेक्टर ने पुरानी कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को पुरानी कृषि उपज मंडी अशोकनगर का निरीक्षण कर 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होने वाली सरसों भावांतर योजना की तैयारी का अवलोकन किया एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। कृषि उपज मंडी में भावांतर योजना में पंजीकृत किसानो द्वारा सरसों विक्रय करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान एम.पी.डब्ल्यू.एल.सी गोदाम क्रमांक 6 का भी निरीक्षण किया गया जिसमें 30 मार्च से चना, मसूर की खरीदी समर्थन मूल्य पर होनी है। उन्होंने कृषकों के लिए छाया ,पानी ,बैठने की व्यवस्था ,कृषको से तुलाई के बाद कंप्यूटर पर एंट्री कर पर्ची कृषक को प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उर्वी सर्विस स्टेशन आइओसीएल का निरीक्षण किया।

**न्यायालय, अपर आयुक्त ग्वालियर संभाग ग्वालियर**

क्र/402/अपील / 2023-2024/163 दिनांक 25.02.2026

1- विशन सिंह पुत्र श्री ऊधम सिंह यादव आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम पाकरोड, तह. ईसागढ़ जिला अशोकनगर (म.प्र.) हाल निवासी ईसागढ जिला अशोकनगर

..................................अपीलार्थी

विरूद्ध

1- श्रीमती सुमंत्रा बाई बेवा मुलायम सिंह यादव (फौत) 2-रघुराज सिंह पुत्र मुलायम सिंह यादव आयु-57 वर्ष 3-धनकुवंर बाई पत्नि मुलायम सिंह यादव आयु-55 वर्ष, 4-कुसुमा बाई पत्नि मुलायम सिंह यादव आयु-53 वर्ष, 5-बिन्ना पुत्री मुलायम सिंह यादव आयु-51 वर्ष, 6- रामगोपाल पुत्र संतोक सिंह यादव आयु-50, 7- राजकुमार पुत्र संतोक सिंह यादव आयु-48 वर्ष, 8-जयमंडल पुत्र संतोक सिंह यादव आयु-46 वर्ष, 9-भगवान सिंह पुत्र संतोक सिंह यादव आयु-44 वर्ष, 10-सीताराम पुत्र संतोक सिंह यादव आयु-43 वर्ष, 11-वीरेन्द्र पुत्र संतोक सिंह यादव आयु 40 वर्ष, समस्त निवासीगण - ग्राम आकलोन तह. ईसागढ जिला अशोकनगर (म.प्र.), 12-अरविन्द पुत्र श्री कप्तान सिंह यादव समस्त व्यवसाय-कृषि निवासी ग्राम श्यामा टोरी, तह. ईसागढ जिला अशोकनगर (म.प्र.), 13-शरद कुमार पुत्र नंदकिशोर कासट महेश्वरी निवासी-ईसागढ जिला अशोकनगर म.प्र., 14-अनंदपुर ट्रस्ट द्वारा अनंदपुर, 15-मध्य प्रदेश शासन

.......................... प्रतिअपीलार्थीगण

(सूचनापत्र)

प्रति,

3-धनकुवंर बाई पत्नि मुलायम सिंह यादव आयु-55 वर्ष, 4- कुसुमा बाई पत्नि मुलायम सिंह यादव आयु-53 वर्ष, 5-बिन्ना पुत्री मुलायम सिंह यादव आयु 51 वर्ष, 11-वीरेन्द्र पुत्र संतोक सिंह यादव आयु 40 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम आकलोन तह. ईसागढ जिला अशोकनगर (म.प्र.)

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि विशनसिंह पुत्र उधमसिंह यादव निवासी ग्राम पाकरोड तहसील ईसागढ जिला अशोकनगर ने म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के अंतर्गत मेरे न्यायालय में अपील क्रमांक 402/अपील/2023-24 प्रचलित है। उक्त अपील प्रकरण में सुनवाई हेतु आगामी दिनांक 10/04/2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे नियत है। इस सम्बंध में आप स्वंय अथवा अपनी ओर से नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 10/04/2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे नवीन कलेक्टर कार्यालय गुना स्थित मेरे कैम्प न्यायालय पर सुनवाई हेतु उपस्थित हो । यदि निर्धारित तिथि को आप स्वंय अथवा आपके द्वारा नियुक्त अभिभाषक के उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी नियत दिनांक अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण में सुनवाई अगले कार्य दिवस को उक्त निर्धारित समय व स्थान पर की जावेगी। आज दिनांक 20/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(वीरेन्द्र कुमार)
अपर आयुक्त
ग्वालियर संभाग ग्वालियर

## खबर संक्षेप

### महिला ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम खासखेडा निवासी लाली पत्नि सोनू कोरी उम्र 27 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर के कमरे में कपड़े की रस्सी बनाकर फांसी लगा ली। पति की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए लाया गया, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गणगौर मेला से लौट रहे युवक पर लाठी से हमला

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत चंदेरी में चल रहे गणगौर मेले से अभिषेक पुत्र गोरेलाल उम्र 27 वर्ष जब सुबह 3 बजे अपने घर वापिस आ रहा था। तभी अज्ञात लोगों ने युवक पर लाठियों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया,। घायल होने के बाद से जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया जहां उनका उपचार जारी है।

### पुरानी रंजिश पर 70 वर्षीय वृद्ध को हमला कर घायल किया

**अशोकनगर।** सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम अमनचार निवासी ग्याप्रसाद पुत्र निरपत सिंह कुशवाह उम्र 70 वर्ष को घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार करा रहे घायल ने बताया कि सुबह 5 बजे जब वह शौच के लिए जा रहा था तभी 3 युवकों ने मुझ पर पुरानी रंजिस पर से लाठियों से हमला कर दिया जिनमें संतोष, हल्के और गेतू कुशवाह शामिल हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत तुलसी सरोवर कॉलोनी निवासी मंगल सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृष्णकुमार कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गता निवासी लालू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लालाराम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मैनाई निवासी दीपक राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप और प्रदूमन राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महुआखेडा निवासी सतेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवराज, रघुनाथ, जयपाल और कुलदीप यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से कुलदीप यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वीर सिंह, सतेन्द्र सिंह, जगदीश, और मलखान यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बडेरा निवासी सुखवती रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र और रानी रैकवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहेरिया निवासी भरत लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोलू केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ग्राम किरोंदा निवासी अनीता बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रंजीत अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने की पुलिस ने ग्राम छपराई खालसा निवासी समीर पुत्र सूर्यभान यादव के पास से 20 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने सूखा चक्क निवासी रत्ना आदिवासी के पास से 06 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ पुलिस ने ही भगवान पुर निवासी लवसिंह सिक्ख के पास से 4 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## जीआरपी ने शव को उतारा, पुलिस मामले की जांच में जुटी

# ट्रेन के जनरल कोच के शौचालय में युवक फांसी के फंदे पर लटका मिला



### 30 मिनट अशोकनगर स्टेशन पर ट्रेन खड़ी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पश्चिम मध्य रेलवे के बीना गुना रेल खण्ड पर चलने वाली बीना-ग्वालियर 51883 पेसेंजर ट्रेन के जनरल कोच के शौचालय में एक यात्री ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक का शव अशोकनगर जीआरपी पुलिस द्वारा कायमी के बाद पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल के मर्चुरी कक्ष में रखवाया गया है। अशोकनगर जीआरपी के थाना प्रभारी लखन सिंह रघुवंशी ने बताया कि यह ट्रेन बीना से मुंगावली, पिपरई होते हुए जब अशोकनगर के प्लेट फार्म क्रमांक एक पर पहुंची तब यात्रियों ने गार्ड को सूचना दी कि डिब्बे के शौचालय का गेट नहीं खुल रहा है। तब गार्ड ने अशोकनगर स्टेशन मास्टर को सूचना से अवगत कराया, स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को सूचना दी, जिसके बाद जीआरपी पुलिस इस ट्रेन के बताए गए कोच पर पहुंची। यह ट्रेन का सबसे आखिरी कोच था जहां गार्ड का डिब्बा लगा हुआ है। मौजूदा यात्रियों की उपस्थिति में डिब्बे के शौचालय का गेट तोड़ा गया, जिसमें एक युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ था, युवक की उम्र लगभग 25 साल है। उसने अपनी शर्ट से शौचालय कक्ष में ऊपर बने पानी के पाईप से फांसी लगा ली थी। इस दौरान मृतक के शव को शौचालय से बाहर निकाला गया, मृतक के कपड़ों में कोई भी पहचान पत्र नहीं मिला है, जिसके बाद मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल अशोकनगर भेजा गया है। जहां मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं, यह पता नहीं चल सका है कि युवक ट्रेन में कहां से चढ़ा था और कब से शौचालय का गेट बंद था। इस दौरान यह ट्रेन अशोकनगर स्टेशन पर 2:30 बजे आने के बाद आधे घण्टे तक खड़ी रही। इस खण्ड में ट्रेन शौचालय में फांसी लगाने का यह पहला मामला सामने आया है। पुलिस बीना से लेकर अशोकनगर तक के और सागर जिले के सभी थानों में मृतक का फोटो भेजकर उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

जीआरपी के थाना प्रभारी लखन सिंह रघुवंशी ने बताया कि अभी तक युवक की शिनाख्त नहीं हुई है। अशोकनगर और पड़ौसी जिला सागर और गुना जिले के सभी थानों से भी संपर्क कर युवक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। यह घटना अपने आप में आश्चर्यचकित करने वाली है। इस संबंध में कोच में बैठे हुए सभी यात्रियों से भी पूछताछ की गई है, यह युवक कहां से चढ़ा था लेकिन अभी तक किसी यात्री ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है। लेकिन शौचालय बंद होने के कारण अन्य यात्रियों को जब सुलभ सुविधा की आवश्यकता पड़ी और गेट नहीं खुला तब उन्हें शंका हुई और इसी शंका के आधार पर उन्होंने इसी डिब्बे में लगे गार्ड के केबिन में पिछली स्टेशन पर सूचना दी जिसके बाद अशोकनगर स्टेशन पर जीआरपी पुलिस द्वारा यह कार्यवाही की गई।

## गेहूं की थ्रेसिंग करते समय, ट्रेक्टर का डीजल टेंक फटा, ड्रायवर ने नीचे कूदकर जान बचाई



जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरेसरा में उस समय दिल दहलाने वाली घटना हुई जब युवक अपने खेत में गेहूं की ट्रेक्टर से थ्रेसिंग कर रहा था। तभी ट्रेक्टर के डीजल का टेंक अचानक फट गया इस घटना में ट्रेक्टर चला रहे सुबेन्द्र पुत्र रूपसिंह यादव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम पिपरेसरा आग में झुलस गया। गरीमत यह रही कि युवक ट्रेक्टर से कूंदकर खेत में आ गिरा और अपने परिवार जनों को इस बारे में बताया। जोनडियर ट्रेक्टर में सीट के नीचे यह टेंक बना हुआ था, तुरंत ही परिवार जन मौके पर पहुंचे और खेत पर बने कुए से आग पर पानी डालकर आग पर काबू किया गया। इस दौरान ट्रेक्टर का उपरी हिस्सा पूरी तरह जल गया है। जबकि खेत में डली गेहूं की फसल को ग्रामीणों ने पानी डालकर बचा लिया। युवक के झुलसने के बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मारी, दो घायल



जिले के कचनार थाने के अंतर्गत राजपुर निवासी प्रीतम साहू पुत्र शांतिलाल साहू उम्र 55 वर्ष अपने नाति रमन साहू पुत्र अशोक साहू उम्र 17 वर्ष के साथ बाईक से अशोकनगर कर्मा जंयती के समारोह में शामिल होने के लिए आ रहा था। तभी ग्राम हापाखेडी के समीप एक ट्रेक्टर चालक ने बाईक में टक्कर मार दी जिससे बाईक पर सवार दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है जहां उनका उपचार जारी है।

## जांच को लेकर तीन-तीन समितियां बनी, कार्रवाई आज तक नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बंगलाचैराहा

जिले की मुंगावली जनपद की ग्राम पंचायत इकोदिया में हुए लाखों रुपये के घोटाला भृष्टाचार ओर फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपये अपनों के खातों में ट्रांसफर की शिकायत को लेकर जब जनपद पंचायत मुंगावली ओर जिला पंचायत अशोकनगर द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इकोदिया पंचायत वार्ड क्रमांक 06 के पंच हरिओम त्यागी ने भोपाल पहुंचकर मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल के नाम पिछले दिनों एक शिकायती आवेदन के साथ प्रशासनिक स्तर की समस्त जांच प्रतिवेदन संलग्न कर कार्रवाई की गुहार लगाई थी।

जहां शिकायत कर्ता की शिकायत को पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री ने गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत अशोकनगर के लिए कार्रवाई के लिए पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए। जहां जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजैश जैन द्वारा उक्त पत्र को गंभीरता से लेते हुए एक जांच समिति का गठन 15 दिसम्बर 2025 को किया गया था, जिसमें कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिक सेवा संभाग अशोकनगर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली ओर प रि यो ज ना अधिकारी(मनरेगा)जिला पंचायत अशोकनगर को सम्मिलित कर निर्देशित किया की उपरोक्त जांच कमेटी संलग्न आवेदन में वर्णित बिन्दुओं की बिन्दुबार जांच कर जांच प्रतिवेदन संयुक्त हस्ताक्षर एवं स्पष्ट अभिमत सहित सात दिवस के भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगी। लेकिन सात दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट पेश करने वाली समिति साढे तीन महिना बीत जाने के बाद भी पूरी नहीं कर सकी है। जांच करना तो दूर की बात है, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने जो समिति का गठन किया था,वह समिति आज तक इकोदिया पंचायत में नहीं पहुंच सकी है।जिसको लेकर यही कहा जा सकता है।गठित की गई जांच समिति को मध्यप्रदेश शासन के मंत्री एवं जिला पंचायत सीईओ के निर्देश को नजर अंदाज किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ ने तीन बार बनाई जांच समिति लेकिन कार्रवाई एक भी बार नहीं हुई इकोदिया पंचायत में हुए भारी भृष्टाचार फर्जीबाडा ओर घोटाला को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा समय समय पर आवेदन दिए गए। जहां जिला पंचायत सीईओ ने तीन बार जांच समिति बनाई। पहली जांच समिति पूर्व जिला पंचायत सीईओ डां नेहा जैन ने 17 जनवरी 2025 को बनाई थी दूसरी समिति 28 अक्टूबर 2025 ओर तीसरी जांच समिति 15 दिसम्बर 2025 को जिला पंचायत सीईओ राजैश जैन द्वारा बनाई गई थी,इसके बाद भी इकोदिया पंचायत में सरपंच पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## अग्निवीर भर्ती हेतु छात्र-छात्राओं से संवाद किया



**अशोकनगर।** शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अशोकनगर में दिनांक 12 मार्च को आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस भोपाल से एस मेजर जोगिंदर सिंह एवं एनसीओ ध्रुवकुमार विश्वकर्मा ने भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं से अग्निवीर के रूप में सेना अपनी सेवाएं देने प्रेरित किया एवं आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य बीके बामोरिया, कपिल रघुवंशी उपस्थित रहे।

## साहू समाज ने कर्मादेवी की जयंती पर शहर में निकाला चल समारोह



**अशोकनगर।** साहू समाज की आराध्य मां कर्मादेवी की जयंती अशोकनगर में भक्ति भाव से मनाई गई। इस मौके पर बडी संख्या में समाज जनों ने भाग लिया। इस मौके पर एक चल समारोह भी निकाला गया।

कार्यक्रम के बारे में कपिल साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन मगरदा चैराहे स्थित बर्फ फेक्ट्री के प्रागंण में आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम में उपस्थित समाज जनों ने बढ़चढ़ कर बोलियों में भाग लिया। उन सभी का समाज जनों द्वारा पुष्पमाल,श्रीफल और साफा भेंट कर सम्मान किया। यह चल समारोह मगरदा चैराहे से होता हुआ अंबेडकर भवन, नगेश्री चैराहे, परशुराम चैराहे होते हुए मोहरी मार्ग से वापिस मगरदा पहुंचा। जहां लोगों ने चल समारोह में श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस दौरान जगह जगह पुष्प वर्षा की और मां कर्मादेवी की आरती उतारी गई। कार्यक्रम में शामिल हुए सभी श्रद्धालुओं को आयोजन स्थल पर एक सभा आयोजित कर सामाजिक एकता पर बल दिया गया और कहा गया कि हम सब मिलकर इस समाज का उत्थान कर सकते हैं कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## कलयुग में कामधेनु के समान है श्रीमद् भागवत कथा





**अशोकनगर।** झिरिया सरकार राधा माधव सेवा समिति के द्वारा चल रही प्रतिवर्ष की भांति चतुर्थ वर्ष की कथा में चतुर्थ दिवस में परम पूज्य व्यास पंडित मनोज कृष्ण शास्त्री के द्वारा भक्त प्रहलाद की कथा श्रवण कराई गई जिसमें पूज्य महाराज ने भक्त और भगवान के अनूठे रिश्ते को बड़े रोचक ढंग से श्रवण कराया।


भगवान भक्त का मान एवं रक्षा के लिए नरसिंह रूप में प्रकट हुए और भक्त प्रहलाद की रक्षा की गाजगृहा की कथा सुनाते हुए बताया की गजेंद्र अभिमानी था उसने जीवन भर अपने बाल का अपने परिवार का भरोसा किया। लेकिन जब ग्राह ने सरोवर में उसका पैर पकड़ा तब उसका अभिमान चूर-चूर हो गया अपने परिवार से सहायता मांगी लेकिन किसी ने सहायता नहीं की कथा सुनाते हुए महाराज ने भक्तों को बताया। इसी तरह हम सभी भी अपने बल का अपने परिवार का अपने धन का अभिमान करते हैं लेकिन अंत समय में जब न धन न बोल न परिवार काम आता तब हमें परमात्मा की याद आती है। इसी तरह गजेंद्र ने अंत समय भगवान को पुकारा भगवान ने आकर गजेंद्र की रक्षा की। आगे राजा बलि की कथा श्रवण करते हुए बामन चरित्र का सुंदर निरूपण किया एवं रामचरित्र श्रवण करते हुए महाराज ने भगवान कृष्ण के चरित्र का सुंदर-सुंदर वर्णन सुनते हुए भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव सभी भक्तों ने बड़ी धूमधाम से मनाया नृत्य करते हुए सभी श्रद्धालु भाव विभोर हुए व्यास ने कल की कथा के लिए सभी भक्तों को आमंत्रण दिया एवं बताया कि भगवान की सुंदर बाल लीलाएं कल श्रवण कराई जाएगी एवं गिरिराज जी महाराज की पूजन एवं 56 भोगो द्वारा माखन चोरी लीला का भी दर्शन कराया जाएगा।

## मुख्य नपा अधिकारी ने खुद संभाली झाड़ू

# हड़ताल की जिद और गंदगी की मार त्योहारों के बीच संकट में सफाई व्यवस्था







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ऐतिहासिक नगर चंदेरी में पिछले चार-पांच दिनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर की गलियां गंदगी और बदबू से सराबोर हैं, जिससे नागरिकों का निकलना दूभर हो गया है। आने वाले समय में हिंदू धर्म के प्रमुख तीज-त्योहारों की कतार है, लेकिन शहर की वर्तमान स्थिति ने उत्सवों के उत्साह पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

### महावीर जयंती जुलूस के लिए सड़क पर उतरे अधिकारी और समाज सेवी

आज महावीर जयंती के उपलक्ष्य में निकलने वाले जुलूस को देखते हुए जैन मिलन ग्रुप के सदस्य मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा के पास पहुंचे। समाधान निकालने के लिए सीएमओ, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों ने मिलकर एक मिसाल पेश की। अधिकारियों और समाजसेवियों ने खुद हाथों में झाड़ू थामी और जुलूस मार्ग की सफाई की। हालांकि, आम जनता का सवाल है कि अधिकारियों द्वारा एक-दो दिन की सफाई से व्यवस्था कब तक सुधरेगी?

### प्रशासन का पक्ष हड़ताल नहीं, दबाव की राजनीति है

नपा सीएमओ प्रदीप शर्मा ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है। शासन के नियमानुसार चंदेरी में केवल 79 पद स्वीकृत हैं, फिर भी मानवीय आधार पर 123 कर्मचारियों को काम दिया गया है। 80 सफाई कर्मियों का फरवरी 2026 तक का वेतन भुगतान हो चुका है। केवल स्थाई और विनियमित कर्मचारियों का दो माह का वेतन शेष है। पीएफ खातों और बैंक लोन के कारण होने वाली कटौती को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। कर्मचारियों का मुफ्त बीमा भी कराया गया है। सीएमओ का आरोप है कि कर्मचारी कचरा वाहनों को निकलने नहीं दे रहे और काम करने वालों के साथ मारपीट और गाली-गलौज पर उतारू हैं।

दूसरी ओर हड़ताली सफाई कर्मियों का कहना है कि उनकी पुरानी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उनकी मुख्य मांग हटाए गए सफाई कर्मी रूपेश गवरी को वापस काम पर रखने की है। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, वे काम पर नहीं लौटेंगे। शहर के नागरिकों में इस स्थिति को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि वे नियमित रूप से टैक्स भरते हैं, लेकिन छोटी-छोटी बातों पर होने वाली हड़तालों ने शहर को कूड़ाघर बना दिया है। लोगों ने सवाल उठाया है कि क्या प्रशासन इन आए दिन होने वाली हड़तालों पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा? नपा क्षेत्र चंदेरी में सफाई कर्मचारियों की चल रही हड़ताल के कारण आमजन परेशान हैं। जिन तीज त्यौहारों के लिए लोग मंदिरों के लिए या चल समारोह के लिए शहर की सड़कों पर निकलते हैं उन्हें गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर शाम 6:30 बजे विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई।

### हम तैयार हैं

हम वैकल्पिक व्यवस्था से सफाई को तैयार हैं, लेकिन कर्मचारी गाली-गलौज कर बाधा डालते हैं। पूर्व में भी अधिकारियों के साथ अभद्रता के प्रमाण मीडिया के पास हैं। जनता को सहयोग करना होगा ताकि इस दबाव की राजनीति को खत्म किया जा सके।

**प्रदीप शर्मा**, सीएमओ
नगरपालिका परिषद चंदेरी

## यादव महासभा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक चंदेरी में हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली




अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्यप्रदेश प्रदेश कार्यसमिति की बैठक इतेहासिक राजा शिशुपाल की नगरी चंदेरी श्री कृष्णा गार्डन में आयोजित हुई। यादव समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष राव अजय प्रताप सिंह यादव जिला पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष कोर कमेटी कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारणी सदस्य उपस्थित हुए सभी सदस्यों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया।

जिसमें यादव महासभा के जिला अध्यक्ष केपी यादव सेमरा द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सभी का अभिनंदन किया तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष युवा महासभा राव अजय प्रताप सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज में जागरूकता लाने के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं जिससे यादव समाज में मृत्यु भोज खर्चीली सादियो से भी बचना चाहिए जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आए जिससे भविष्य में समाज को सशक्त बनाया जाए राष्ट्रीय स्तर प्रदेश स्तर से आए समाज के वरिष्ठ महिला सदस्यों में समाज की प्रदेश अध्यक्ष अनुप्रिया यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंदसौर ने अपने उद्बोधन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रयास करने को कहा जिसमे महिलाओं को हमेशा सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित हो। मनोज यादव प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने महत्पूर्ण विषय पर चर्चा की जिसमे समाज को जागरूक करने के लिए और सामाजिक संगठन को मज़बूत करने की दिशा में कार्य करने के लिये कार्यकारणी को निर्देश दिए आरएन यादव कार्यकारणी प्रदेश अध्यक्ष ने भी बैठक को सम्बोधित किया। अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारणी अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह मंडलोई द्वारा आयोजित बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में हमने संगठन को मज़बूत बनाने के लिये गाँव गाँव से लेकर ब्लॉक जिला मुख्यालय प्रदेश तक और राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मज़बूत किया। हमने अपने क्षेत्र में समाज के विकास के लिए कार्य किये जिसमे समाज को हमने भोपाल में यादव समाज को एक एकड़ भूमि आवंटित कराई जिसमे तीन मंजिला भवन निर्माण कार्य चल रहा हैं जल्दी ही पूर्ण होकर समाज को समर्पित कर दिया जाएगा। जिसमे समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के पड़ने वाले बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिये समाज को समर्पित कर दिया जाएगा। आज समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया हर जगह समाज के लिए कार्य करने के लिये आगे आकर कार्य करने का संकल्प लिया है हमारी संस्था समाज के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए समाज के हर व्यक्ति को मृत्यु भोज से बचना चाहिए समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए अशोकनगर जिले में यादव समाज के स्व राव देशराज सिंह जी यादव ने समाज में पहल की थी जो आज समाज में साकार रूप ले रही हैं समाज में एकता बनाने के लिये हमेसा अग्रणी रहे श्रीकृष्ण संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक राव राजकुमार सिंह यादव महुअन के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और दो मिनट का मौन धारण किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत में स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया साथ में समाज के श्री कृष्ण संस्थान के अध्यक्ष रणजीत सिंह यादव चंदेरी के ब्लॉक अध्यक्ष जयराम सिंह यादव राम सिंह यादव राजू यादव कनावटा बलवीर सिंह यादव सरपंच ख़ाकलोंन रामभारत सिंह यादव खागल संजय सिंह यादव आदि रहे मौजूद।

### जय श्री श्याम के जयकारों से गूंजा शहर, डीजे के साथ यात्रा निकाल निशान लेकर पहुंचे

# कामदा एकादशी पर बाबा खाटू श्याम के एक लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा की





हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

शहर के एबी रोड अरन्या पुल के पास बने श्री खाटू श्याम मंदिर में रविवार को कामदा एकादशी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्र से बाबा खाटू ष्याम के दर्षन करने के लिए 1 लाख से अधिक श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं और पूरा वातावरण जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। बाबा के भक्त दूर दराज से डी.जे की धून पर यात्रा निकालते हुए निषान लेकर मंदिर पहुंच खाटू श्याम को चढ़ाया गया।

#### 51 किलो फूल से किया बाबा का श्रृंगार

ग्यारस पर्व के लिए मंदिर प्रबंधन समिति ने विशेष तैयारियां की थीं। बाबा श्याम का श्रृंगार करने के लिए उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः मंगला आरती से हुई। इसके बाद दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष आरतियों का आयोजन किया गया। दोपहर की आरती के समय मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा था। नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

#### बाबा का निशान लेकर निकाली यात्राएं

इस अवसर पर कई गांवों और मोहल्लों से निशान यात्राएं निकाली गईं। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे और निशान अर्पित किए। पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

#### भीड़ को देख प्रशासन ने बढ़ाया पुलिस बल

भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस बल सतर्क रहा। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और यातायात का डायवर्जन कर व्यवस्था बनाए रखी गई। नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था में सहयोग दिया। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी।

#### कामदा एकादशी का एक अलग महत्व

हिन्दू धर्म में कामदा एकादशी का विशेष महत्व है। इसे नववर्ष की पहली एकादशी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन व्रत और पूजा करने से भक्तों को पुण्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। खाटू श्याम मंदिर में आयोजित यह पर्व भक्ति और उत्साह से भरा रहा। बाबा श्याम के दरबार में उमड़ा यह जनसैलाब श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक बना।



### किसान की सालभर की मेहनत राख में बदली

# कोडिया जागीर गांव में खेत में भड़की आग, 8 बीघा गेहूं की खड़ी फसल खाक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खुजनेर

खुजनेर थानांतर्गत ग्राम कोडिया जागीर में एक खेत में गेहूं में बिजली के शार्ट सर्किट से अचानक आग लग जाने से करीब 8 बीघा की फसल जलकर खाक हो गई। जानकारी के मुताबिक किसान परमानंद पिता भेरुलाल पाटीदार के खेत में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पकी हुई गेहूं की सुनहरी फसल कुछ ही मिनटों में काले धुएं और राख के ढेर में तब्दील हो गई। आग की लपटें देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और नगर परिषद को दी। सूचना मिलते ही खुजनेर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड और पुलिस बल मौके पर पहुंचकर बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों के साहस से आग पर काबू पाया गया। यदि समय रहते नियंत्रण नहीं होता, तो आसपास के सैकड़ों बीघा में खड़ी फसलें भी इसकी चपेट में आ सकती थीं।



#### 15 बीघा में से आधी फसल जलकर नष्ट

पीड़ति किसान ने बताया कि उनके कुल 15 बीघा खेत में गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार खड़ी थी। इस हादसे में करीब 7 से 8 बीघा की फसल पूरी तरह जल गई है। जिससे लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। किसान ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि फसल का उचित सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाए।

#### बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी

हालांकि गेहूं के खेत में लगी भयानक आग के कारण प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने बताया कि खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसकी चिंगारी सूखी फसल पर गिरी और भयानक आग धधक उठी बिजली के तार इतने नीचे है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता विद्युत विभाग इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझते है शॉट सर्किट की वजह से किसान की पूरी मेहनत खाक हो गई है।

# 'संकल्प से समाधान' अभियान में 53 शिकायतों का निराकरण किया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के नेतृत्व में जिलेभर में लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए "संकल्प से समाधान" अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को थाना सारंगपुर परिसर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा तथा राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार गोपाल चैहान एवं आरआई की उपस्थिति में आवेदक एवं अनावेदक पक्षों की सुनवाई की गई। शिविर में राजस्व एवं घरेलू विवाद से संबंधित कई लंबित शिकायतों का निराकरण किया गया, जिनमें वर्ष 2025 से लंबित प्रकरण भी शामिल थे। अभियान के तहत दोनों पक्षों को थाने बुलाकर आपसी समझाइश से मामलों का समाधान कराया गया। शिविर के दौरान वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त 30 शिकायतों एवं स्थानीय स्तर की 23 शिकायतों सहित कुल 53 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इनमें से लगभग 5 प्रकरणों में आपसी राजीनामा भी हुआ। आवेदक एवं अनावेदक पक्षों ने पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की। साथ ही पुलिस द्वारा आमजन को आश्वस्त किया गया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित कर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाता रहेगा।

# जन अभियान परिषद ने खोली निशुल्क प्याऊ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

भीषण गर्मी को देखते हुए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जनसेवा की पहल करते हुए निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह प्याऊ नवांकुर संस्था सडावता द्वारा भाटखेड़ी जोड़ पर स्थापित किया गया। जहां राहगीरों और ग्रामीणों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने इस पहल को जनहित में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में इस प्रकार की व्यवस्था लोगों के लिए राहत प्रदान करती है।

### कालीपीठ गांव से विधायक को मिली थी शिकायत

# बगैर ऑपरेटर चल रही थी जल जीवन मिशन की योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़


हर घर, नल से जल पहुंचाने सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना की मॉनिटरिंग ही जल जीवन मिशन के अधिकारी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि क्षेत्र के बहुत से ग्रामों में समय पर नल नहीं आ पा रहे हैं वहीं कई जगह बहुत कम प्रेशर से नलों में पानी आ रहा है।

इसी तरह की एक शिकायत क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव को कालीपीठ क्षेत्र से मिली थी। इस पर उन्होंने जल निगम के महाप्रबंधक को वस्तुस्थिति पता करने के निर्देश दिए। विधायक के निर्देशों के बाद जब मेसर्स एलएण्डटी कंपनी के स्टेट हेड शेख अहमद कालीपीठ पहुंचे तो उन्हें मालूम हुआ कि ग्राम पंचायत समिति द्वारा अभी तक कोई स्थाई ऑपरेटर ही नियुक्त नहीं किया है जो निर्धारित समय पर वाल्व खोल एवं बंद कर सके। इसी कारण के चलते गांव के कुछ मोहल्लों में जलापूर्ति सुचारू हो रही थी वहीं कुछ क्षेत्रों में कम प्रेशर से पानी पहुंच पा रहा था। नल के वाल्व कभी खोले जा रहे थे तो ध्यान नही नहीं दिया जा रहा था।



इस पर जल निगम के अफसरों ने प्रेशर संबंधी समस्या के त्वरित समाधान एवं नियमित संचालन के निर्देश प्रदान किए ताकि ग्रामीणों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## स्वर्णकार समाज की कार्यकारिणी में जगदीश बने मीडिया प्रभारी




**राजगढ़।** श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के नगर अध्यक्ष भगवत प्रसाद सोनी ने नगर कार्यकारिणी घोषित की है। इस कार्यकारिणी में संदीप सोनी चाठा, सुरेश सोनी करेड़ी, दिनेश सोनी चाटूखेड़ा, नीतेश सोनी राजगढ़, गजेंद्र सोनी करेड़ी को उपाध्यक्ष बनाया गया। सचिव का दायित्व मोहन सोनी पीडल्यूडी को सौंपा गया। इसके साथ ही जगदीश सोनी मीडिया प्रभारी बनाए और सह-सचिव की जिम्मेदारी राजेंद्र सोनी राज करेड़ी एवं दीपक सोनी राजगढ़ को दी गई है। सामाजिक आयोजन मुख्य व्यवस्थापक पद पर अमित सोनी जड़िया एवं मनोज सोनी को बनाया गया है।लोगों ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई दी।

## महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर जैन समाज आज निकालेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

सकल जैन समाज के तत्वावधान में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव महावीर जयंती उत्साह एवं हर्षोउल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए सकल जैन समाज अध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि इस पावन पर्व के अवसर पर आज प्रातः 9 बजे से स्थानीय श्री पार्श्वनाथ दिंगबर जैन मंदिर, मंडाई चैक से चल समारोह निकाला जाएगा। जिसमे रथ पर श्रीजी जी विराजित होंगे। चल समारोह पार्श्वनाथ मंदिर से सदर बाजार, महाकाल चैराहा, गाँधी चैक होता हुआ महावीर अतिशय क्षेत्र, बडा मंदिर पहुंचेगा। जहाँ भगवान महावीर स्वामी के कलशाभिषेक होंगे। इसके पश्चात चल समारोह पुनरू तरुण चैराहा, अटल चैक, अंबिका माता मंदिर, जामा मस्जिद चैराहा से मंडाई चैक होता हुआ पाष्र्वनाथ मंदिर पहुंचेगा। जहां भगवान महावीर की पूजा अर्चना के बाद कलश अभिषेक सम्पन्न होंगे।



### जल गंगा सर्वधन अभियान

# विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण की शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित बीएस डब्लू तथा एमएस डब्लू कक्षा के छात्र-छात्राओं ने "जल गंगा सर्वधन अभियान" के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण की शपथ ली। छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने गांवों में जाकर लोगों को जल संग्रहण के प्रति जागरूक करेंगे, स्वयं भी जल बचाएंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इसके पश्चात ग्राम तारागंज में अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नारे लगाकर ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और "जल की हर बूंद अमृत है" जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया, सारंगपुर सेक्टर की नवांकुर समिति से रामविलास लोदी, मेंटर पवन सिंह बैस, फूलसिंह नागर, रेखा नागर, दिनेश बामनिया, ललित मालवीय सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**खिलचीपुर।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दूंदाहेड़ी में 5.35 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क एवं 25 लाख की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन शनिवार को विधायक हजारीलाल दांगी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बालचन्द दांगी, पूर्व जिला सह कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गौड़, जिला सह कोषाध्यक्ष मण्डल महामंत्री भारतसिंह तोमर, सरपंच संघ अध्यक्ष बलवंतसिंह सिसोदिया सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बिजली कर्मचारियों ने किया चक्काजाम, एफआईआर दर्ज करने के बाद हटे

**माचलपुर।** बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा समीपस्थ ब्राह्मण गांव में शनिवार को वसूली करने के लिए पहुंचे थे। जहा पर बिजली कर्मचारी ज्ञानसिंह दांगी ने गांव के पटेल प्रभूलाल दांगी से बिजली का बकाया जमा करने के लिए बोला तो पटेल ने आक्रोष में आकर कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस थाना पहुंच गया। लेकिन पुलिस द्वारा समय पर एफआईआर नहीं लिखने के कारण विघुत विभाग के कर्मचारियों ने आक्रोष में आकर पचोर-सोयत स्टेट हाईवे का जाम कर दिया। करीब आधे घण्टे तक चले चक्काजाम के पुलिस के समझाइश के बाद खोला गया और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामला जांच में लिया।



## हनुमंत जन्मोत्सव पर गिरीराज भक्त मंडल ने दंडवत परिक्रमा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जीरापुर

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर के गिरिराज भक्त मंडल के तत्वावधान में पहली बार दण्डवत परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया। दंडवत परिक्रमा प्रातः छापीहेड़ा नाका स्थित हटीले हनुमान मंदिर पर विधायक हजारीलाल दांगी ने पूजा अर्चना करके प्रारंभ करवाईं। दंडवत परिक्रमा यात्रा हटिले हनुमान मंदिर पचोर नाका से शुरु होकर श्रीराम मंदिर आवास कॉलोनी, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर , हनुमान मंदिर किशनगढ़, बालाजी मंदिर बुधवारिया बाजार, बाग वाले हनुमान मंदिर परोलिया रोड, खांड़ी वाले बालाजी मंदिर ,गोप चैहानजी हनुमान मंदिर, हनुमान जी बस स्टैंड मंदिर, चामुंडा माता पुनःहटिले हनुमान मंदिर पर समापन हुआ। दण्डवत परिक्रमा यात्रा में शामिल भक्त भगवान के जयकारे एवं भजन कीर्तन करते चल रहे थे। इस बीच नगरवासियों ने यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक पंडित सुरेश बिहारी नागर, पं. कमल बिहारी नागर, गिरीराज भक्त मण्डल सदस्य हेमन्त जोशी, पवन कुशवाह, मुकेश पुष्पद टेक्सी, शिव मण्डलोई, ओमप्रकाश सेन सहित अन्य भक्त शामिल रहे।



श्रद्धालु भक्तों ने मध्य मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं पेय पदार्थ से स्वागत किया।

### सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं, मधुर व्यवहार रखें

# भाजपा का प्रशिक्षण अभियान में कार्यकर्ताओं को दी संगठन मजबूती की सीख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरावर

नगर में भारतीय जनता पार्टी का पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान का समापन रविवार को हुआ। पार्टी संगठन के निर्देशानुसार मार्केटिंग सोसायटी परिसर में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा और सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। शनिवार का षुभारंभ विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एवं अभियान जिला प्रभारी जगदीश पंवार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्रशिक्षण के अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि वर्ष 2003 के पहले गांव, गरीब एवं नगरों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी गई। प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से गांवों को शहरों से जोड़ा गया, जिससे आज अधिकांश गांव सड़कों से जुड़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि शेष कार्यों में वन विभाग की आपत्तियां प्रमुख बाधा बनी हुई हैं। कृषि क्षेत्र में सुधार कर खेती को लाभ का धंधा बनाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया। जिससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है और भूमि की उत्पादकता भी बढ़ी है। "लाड़ली बहना योजना" के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में प्रत्येक विधायक को 15 करोड़ रुपए की राशि विकास कार्यों के लिए दी जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे चैपाल स्तर पर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं और समाज के हर वर्ग से मधुर व्यवहार रखें। साथ ही उन्होंने सांसद, मंत्री, विधायक एवं पार्टी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के घर जाकर संवाद करें, जिससे संगठनात्मक मजबूती बढ़ेगी।






प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। पहले सत्र की अध्यक्षता घनश्याम गर्ग ने की, जिसमें मुख्य वक्ता ज्ञान सिंह गुर्जर ने भाजपा के इतिहास एवं विकास पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में जगदीश पवार ने बूथ प्रबंधन एवं "मन की बात" कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। संचालन नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी और आभार भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई एवं रवि मीना ने माना।

ऐजेन्सी देना है / हरिभूमि

राजगढ़ जिले में खाली निम्न स्थानों सुठालिया, पचोर, करेड़ी, छापीहेड़ा, तलेन, और भी अन्य खाली स्थानों पर एजेंसी देना है।

विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करे

संतोष गोस्वामी जिला ब्यूरो चीफ

पता : गुना नाका, बांडी खाली, बंधन बैंक के सामने, फर्स्ट फ्लोर, ब्यावरा जिला (राजगढ़)

नोट: अखबार प्राप्त करने के लिए सम्पर्क करें 6268644011, 8770833858